# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2020

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2020

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

BiharboardQuestionpaper.com

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर दें।

1. अवस्फीतिक अन्तराल माप बताता है

(a) न्यून माँग की

(b) आधिक्य माँग की

(c) पूर्ण रोजगार की

(d) इनमें से कोई नहीं

2. सरकार के कर राजस्व के अन्तर्गत शामिल है

(a) आयकर

(b) निगम कर

(c) सीमा शुल्क

(d) इनमें से सभी

3. बजट की अवधि क्या होती है ?

(a) वार्षिक

(b) दो वर्ष

(c) पाँच वर्ष

(d) दस वर्ष

4. लोचपूर्ण विनिमय दर के निम्नलिखित में कौन-से गुण हैं ?

(a) सतत समायोजन

(b) सरल प्रणाली

(c) पूँजी निर्माण में वृद्धि

(d) (a) और (b) दोनों

5. भुगतान संतुलन को निम्नलिखित में कौन-सी विशेषता है ?

(a) क्रमबद्ध लेखा रिकार्ड

(b) निश्चित समय अवधि

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

6. अति अल्पकाल में पूर्ति वक्र होता है

(a) पूर्णतः लोचदार

(b) पूर्णतः बेलोचदार

(c) लोचदार

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

7. सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम के प्रतिपादक कौन थे ?

(a) गोसेन

(b) एडम स्मिथ

(c) चैपमैन

(d) हिक्स

8. स्थिर पूँजी का उपभोग क्या कहलाता है ?

(a) पूँजी निर्माण

(b) घिसावट व्यय

(c) निवेश

(d) इनमें से सभी

9. बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{MP}$) = ?

(a) $GNP_{MP}$ - घिसावट

(b) $GNP_{MP}$ + घिसावट

(c) $GNP_{MP}$ + अप्रत्यक्ष कर

(d) इनमें से कोई नहीं

10. GNP अवस्फीतक क्या है ?

(a) GNP अवस्फीतक = $\frac{\text{नगद GNP}}{\text{वास्तविक GNP}} \times 100$

(b) GNP अवस्फीतक = $\frac{\text{वास्तविक GNP}}{\text{नगद GNP}} \times 100$

(c) GNP अवस्फीतक = $\frac{\text{वास्तविक GNP}}{\text{नगद GNP}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

11. $NDP_{MP}$ = ?

(a) $GDP_{MP}$ - घिसावट

(b) $GDP_{MP}$ + घिसावट

(c) $GDP_{MP}$ + अप्रत्यक्ष कर

(d) इनमें से कोई नहीं

12. प्राथमिक क्षेत्र में निम्नलिखित में कौन शामिल है ?

(a) भूमि

(b) वन

(c) खनन

(d) इनमें से सभी

13. वैधानिकता के आधार पर मुद्रा को कितने भागों में बाँटा जाता है ?

(a) तीन

(b) दो

(c) चार

(d) इनमें से कोई नहीं

14. मुद्रा पूर्ति का नियमन कौन करता है ?

(a) भारत सरकार

(b) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

(c) वाणिज्यिक बैंक

(d) योजना आयोग

Biharboardquestionpaper.com

15. पूंजी की सीमान्त क्षमता या उत्पादकता =

(a) $\frac{\text{प्रत्याशित आयलागत}}{}$

(b) $\frac{\text{लागत}}{\text{प्रत्याशित आय}}$

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

16. लाभ के निम्न में से कौन-से घटक हैं ?

(a) लाभांश

(b) अतिरिक्त लाग

(c) निगम लाभ कर

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

17. राष्ट्रीय आय में निम्न में किसे शामिल किया जाता है ?

(a) लगान, मजदूरी, ब्याज

(b) लगान, मजदूरी, वेतन

(c) लगान, लाभ, ब्याज

(d) लगान, मजदूरी, वेतन, ब्याज, लाभ

18. स्थिर मूल्य पर आकलित सकल राष्ट्रीय उत्पाद क्या है ?

(a) वास्तविक GNP

(h) वास्तविक GDP

(c) मुद्रा GNP

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

19. मुद्रा के स्थैतिक और गत्यात्मक कार्यों का विभाजन किसने किया ?

(a) रैगनर फ्रि

(b) पॉल ऐंजिग

(c) मार्शल

(d) इनमें से कोई नहीं

20. बैंक का एजेंसी कार्य क्या है ?

(a) ऋण देना

(b) जमा स्वीकार करना

(c) ट्रस्टी का कार्य करना

(d) लॉकर सुविधा देना

21. कॉफी के मूल्य में वृद्धि होने से चाय की माँग

(a) बढ़ती है।

(b) घटती है

(c) स्थिर रहती है

(d) इनमें से कोई नहीं

22. जब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है तब सीमान्त उपयोगिता होती है।

(a) ऋणात्मक

(c) शून्य

(b) धनात्मक

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

23. सापेक्ष लोचदार माँग को क्या व्यक्त करता है ?

(a) $\frac{\Delta Q}{Q} > \frac{\Delta P}{P}$

(b) $\frac{\Delta P}{P} > \frac{\Delta Q}{Q}$

(c) $\frac{\Delta P}{P} > \frac{\Delta Q}{Q}$

(d) इनमें से कोई नहीं

24. जब औसत उत्पाद (AP) अधिकतम होता है तब सीमांत उत्पाद (MP)

(a) औसत उत्पाद के समान होता है

(b) औसत उत्पाद से काम होता है

(c) औसत उत्पाद से अधिक होता है

(d) इनमें से सभी

25. अवसर लागत क्या है ?

(a) वह विकल्प जिसका परित्याग कर दिया गया

(b) खोया हुआ अवसर

(c) हस्तान्तरण आय

(d) इनमें से सभी

26. उत्पादन बंद कर देने पर निम्न में से कौन-सा

(a) स्थिर लागत बढ़ जाती है।

(b) परिवर्तनशील लागत कम हो जाती है।

(c) परिवर्तनशील लागत शून्य हो जाती है

(d) स्थिर लागत शून्य हो जाती है

BiharboardQuestionpaper.com

27. किस बाजार में AR वक्र X-अक्ष के समानान्तर होता है ?

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकार

(c) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(d) इनमें से सभी

28. फर्म को लाभ मिलता है जब

(a) AR > AC

(b) AC > AR

(c) AR = AC

(d) इनमें से कोई नहीं

29. निम्न में से कौन सही है ?

(a) AR = MR $\left[\frac{e}{e-1}\right]$

(b) MC = MR $\left[\frac{e}{e-1}\right]$

(c) MR = MC $\left[\frac{e-1}{e}\right]$

(d) इनमें से कोई नहीं

30. कीमत निर्धारण प्रक्रिया में 'समय तत्व' का विचार किसने प्रस्तुत किया ?

(a) रिकार्डो

(b) वालरस

(c) मार्शल

(d) जे. के. मेहता

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

31. सीमांत उपयोगिता =

(a) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$

(b) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$

(c) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$

(d) इनमें से कोई नहीं

32. सम सीमांत उपयोगिता नियम को कहा जाता है।

(a) उपयोगिता वृद्धि नियम

(b) उपयोगिता ह्रास नियम

(c) प्रतिस्थापन का नियम

(d) इनमें से कोई नहीं

33. अतिपरवलयाकार माँग वक्र निम्न में से क्या दिखलाता है ?

(a) पूर्णतया बेलोचदार माँग

(b) पूर्णतया लोचदार माँग

(c) इकाई माँग लोच

(d) इनमें से कोई नहीं

34. उपभोक्ता का संतुलन बिन्दु क्या है ?

(a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य

(b) सीमान्त उपयोगिता < मूल्य

(c) सीमान्त उपयोगिता > मूल्य

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

35. निम्न में से कौन उत्पादन फलन को व्यक्त करता है ?

(a) C = f (Q)

(b) Q = f (C)

(c) D = f (P)

(d) इनमें से कोई नहीं

36. भुगतान सन्तुलन में असन्तुलन का निम्न में से कौन आर्थिक कारण है

(a) अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

(b) राजनीतिक अस्थिरता

(c) व्यापार चक्र

(d) इनमें से कोई नहीं

37. भुगतान संतुलन के दृश्य मदों के अन्तर्गत किसे सम्मिलित किया जाता है ?

(a) मशीन

(b) कपड़ा

(c) सीमेंट

(d) इनमें से सभी

38. निम्न में से कौन पूँजी खाते में नहीं आता है ?

(a) सरकारी सौदे

(b) प्रत्यक्ष निवेश

(c) एकपक्षीय अन्तराण

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

39. सम विच्छेद बिन्दु तब उत्पन्न होती है जब

(a) TR = TC

(b) MR = MC

(c) TR > TC

(d) (a) और (b) दोनों

40. किसी वस्तु के मुल्य में 20% परिवर्तन के कारण माँग में 40% परिवर्तन हो तो माँग की लोच क्या होगी ?

(a) 0.5

(b) 2

(c) 1

(d) 2.5

41. निम्न में से कौन साख नियंत्रण की गुणात्मक विधि है ?

(a) बैंकों के नकद रिजर्व अनुपात में परिवर्तन

(b) उपभोक्ता साख का नियंत्रण

(c) खुले बाजार का कार्यक्रम

(d) बैंक दर में परिवर्तन

42. भारत में एक रुपया का नोट जारी करता है

(a) भारतीय रिजर्व बैंक

(b) भारत सरकार का वित्त मंत्रालय

(c) भारतीय स्टेट बैंक

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

43. राजकोषीय नीति के अन्तर्गत किसे शामिल किया जाता है ?

(a) सार्वजनिक व्यय

(b) कर

(c) सार्वजनिक ऋण

(d) इनमें से सभी

44. निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्व प्राप्ति नहीं है ?

(a) ऋणों की वसूली

(b) विदेशी अनुदान

(c) सार्वजनिक उपक्रमों के लाभ

(d) सम्पत्ति कर

45. भुगतान शेष में कौन-सी मदें सम्मिलित हैं ?

(a) दृश्य मदें

(b) अदृश्य मदें

(c) पूँजी अन्तरण

(d) इनमें से सभी

46. कृषि पदार्थों का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्या है ?

(a) कीमत उच्चतम सीमा

(b) कीमत निम्नतम सीमा

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

47. अर्द्धनिर्मित वस्तुएँ क्या कहलाती है ?

(a) पूँजीगत वस्तुएँ

(b) मध्यवर्ती वस्तुएँ

(c) अन्तिम उत्पाद

(d) इनमें से कोई नहीं

48. अक्षों के केन्द्र से निकलने वाली सरल रेखा पूर्ति चक्र की लोच क्या होती है ?

(a) इकाई से कम

(b) इकाई से अधिक

(c) इकाई से बराबर

(d) शून्य के बराबर

49. एकाधिकारी प्रतियोगिता की धारणा को किसने दिया है

(a) हिक्स

(b) चैम्बरलेन

(c) श्रीमती रॉबिन्सन

(d) सेम्युलसन

50. किस बाजार में फर्म का माँग वक्र पूर्ण लोचदार होता है ?

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकार

(c) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(d) अल्पाधिकार

BiharboardQuestionpaper.com

51. 'माइक्रोज' निम्न में से कौन-सी भाषा का है ?

(a) अरबी

(b) ग्रीक

(c) जर्मन

(d) अंग्रेजी

52. आर्थिक क्रियाओं के अध्ययन के संदर्भ में अर्थशास्त्र को व्यष्टि और समष्टि की शाखाओं में किसने विभाजित किया ?

(a) मार्शल

(b) रिकार्डो

(c) रैगनर फ्रिश

(d) इनमें से कोई नहीं

53. किस अर्थव्यवस्था में कीमत यंत्र के आधार पर निर्णय लिये जाते हैं ?

(a) समाजवादी

(b) पूँजीवादी

(c) मिश्रित

(d) इनमें से कोई नहीं

54. सीमांत अवसर लागत निम्न में से कौन है ?

(a) $\frac{\Delta Y}{\Delta I}$

(b) $\frac{\Delta Y}{\Delta X}$

(c) $\frac{MU_x}{MU_y}$

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

55. किसी वस्तु की मानवीय आवश्यकता को संतुष्ट करने की क्षमता है।

(a) उपभोग

(b) उपयोगित

(c) गुण

(d) रुचि

56. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) MPC + MPS = 0

(b) MPC + MPS < 1

(c) MPC + MPS = 1

(d) MPC + MPS > 1

57. कीन्स के अनुसार अर्थव्यवस्था में आय एवं रोजगार का सन्तुलित स्तर स्थापित होता है जहाँ

(a) AD > AS

(b) AS > AD

(c) AD = AS

(d) इनमें से कोई नहीं

58. भारत में कौन बैंकिंग क्षेत्र के सुधार से जुड़ा है ?

(a) वर्ष 1991

(b) नरसिम्हम समिति

(c) वाई. वी. रेड्डी

(d) (a) और (b) दोनों

BiharboardQuestionpaper.com

59. स्फीतिक अन्तराल को ठीक करने के लिए मौद्रिक उपाय कौन से हैं?

(a) खुले बाजार की क्रियाएँ

(b) बैंक दर में वृद्धि

(c) नकद कोष अनुपात में वृद्धि

(d) इनमें से सभी

60. सामान्य कीमत स्तर का अध्ययन किया जाता है

(a) व्यष्टि अर्थशास्त्र

(b) समष्टि अर्थशास्त्र में

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

## SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 28 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखें।

1. सीमान्त उत्पाद और कुल उत्पाद के बीच क्या सम्बन्ध है ?
2. कुल लागत, सीमांत लागत और औसत लागत की अवधारणा का उल्लेख करें।
3. एक वस्तु की माँग को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को बताइए।
4. पीछे की ओर मुड़ते हुए श्रम के पूर्ति वक्र का क्या कारण है ?
5. माँग की लोच के विभिन्न प्रकारों को समझाइए ।
6. राष्ट्रीय आय एवं घरेलू आय में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
7. भुगतान शेष के चालू खाता एवं पूंजी खाता में क्या अन्तर है ?
8. बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद तथा एकल राष्ट्रीय उत्पाद में क्या अन्तर है ?

BiharboardQuestionpaper.com

9. अवस्फीतिक अन्तराल की अवधारणा को समझाइए ।

10. राजस्व व्यय एवं पूँजीगत व्यय में क्या अन्तर है ?

11. घरेलू मुद्रा अवमूल्यन एवं मूल्य ह्रास का क्या अभिप्राय है ?

12. हस्तान्तरण भुगतान क्या है ?

13. पूर्ति लोच को प्रभावित करने वाले घटकों का उल्लेख

14. बाजार के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

15. अल्पकाल में किसी फर्म का पूर्ति चक्र क्या है ?

16. मौद्रिक नीति क्या है ?

17. मुद्रा स्फीति को परिभाषित करें।

18. राजकोषीय नीति क्या है ?

19. हरित सकल राष्ट्रीय उत्पाद क्या है ?

20. ऐच्छिक और अनैच्छिक बेरोजगारी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

21. गुणक की अनुकूल और प्रतिकूल प्रक्रिया क्या है ?

22. मिश्रित अर्थव्यवस्था की दो विशेषताओं को लिखें।

23. व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र में क्या अन्तर है ?

24. सीमांत उपयोगिता और कुल उपयोगिता के बीच क्या सम्बन्ध है ?

25. 'माँग के विस्तार' एवं 'माँग में वृद्धि' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

26. मुद्रा की विशेषताएँ क्या हैं ?

27. नकद साख एवं अधिविकर्ष में क्या अन्तर है ?

28. राजकोषीय घाटे से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न संख्या 29 से 36 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। अपना उत्तर 100-120 शब्दों में दें।

29. माँग की कीमत लोच के विभिन्न प्रकार क्या हैं ?

BiharboardQuestionpaper.com

30. उदासीनता वक्र किसे कहते हैं ? उदासीनता वक्र की किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखें।

31. पूर्ण प्रतियोगिता और एकाधिकार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

32. राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे मापा जाता है ?

33. 'अतिरेक माँग' की स्थिति में मौद्रिक नीति का प्रयोग कैसे किया जाता है ?

34. वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है ? इसकी किन्हीं तीन कठिनाइयों को लिखिए।

35. पूर्ण रोजगार की अवधारणा से आप क्या समझते हैं ?

36. एक फर्म के साम्य से आप क्या समझते हैं ? फर्म के संतुलन की शर्तें क्या है ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..